## वार्षिक परीक्षा 2023 (Annual Examination 2023)
## विषय – विज्ञान (Subject - Science)
## कक्षा – 7 (Class - 7)

समय – 2.30 घंटा — पूर्णांक – 80
Time - 2.30 Hrs. — M.M. - 80

*नोट–सभी प्रश्न हल कीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।*

***Note-Attempt all the questions. Marks allotted for each question has been given against it.***

### खण्ड–'अ' (Section-'A')

1. स्तम्भ 'अ' में दिये गये शब्दों का मिलान स्तम्भ 'ब' के शब्दों से कीजिए– 2x5=10

| स्तम्भ–'अ' | स्तम्भ–'ब' |
|---|---|
| (क) क्षुद्रान्त्र | (अ) दिन |
| (ख) उत्तल दर्पण | (ब) रासायनिक परिवर्तन |
| (ग) लोहे में जंग लगना | (स) राइजोबियम |
| (घ) समुद्र समीर के बहने का समय | (द) पाचन का पूरा होना |
| (ड) नाइट्रोजन | (य) अधिक क्षेत्र के दृश्य का प्रतिबिंब बना सकता है। |

1. **Match the items given in column 'A' with those in column 'B'.**

| **Column-'A'** | **Column-'B'** |
|---|---|
| **(i)** Small Intestine | **(a)** Day |
| **(ii)** A convex mirror | **(b)** Chemical change |
| **(iii)** Rusting of iron | **(c)** Rhizobium |
| **(iv)** Sea breeze blows during | **(d)** Digestion is completed |
| **(v)** Nitrogen | **(e)** can from image of objects spread over a large area |

2. निम्नलिखित कथनों में रिक्त स्थानों को भरिए– 2x5=10

(क) जब कार्बनडाई ऑक्साइड को चूने के पानी में प्रवाहित किया जाता है, तो यह ............... के बनने के कारण दूधिया हो जाता है।

(ख) ऐसे पुष्पों, को जिनमें केवल नर अथवा मादा जनन अंग होता है............... पुष्प कहते हैं।



https://www.ukboardonline.com

(ग) घरों द्वारा निर्मुक्त किए जाने वाला अपशिष्ट जल..................कहलाता है।

(घ) विद्युत धारा के तापीय प्रभाव पर आधारित सुरक्षा युक्ति को..................कहते हैं।

(ड़) पादपों द्वारा संश्लेषित खाद्य का भंडारण..................के रूप में किया जाता है।

2. **Fill in the blanks.**

**(a)** When carbon dioxide is passed through lime water, it turns milky due to the formation of..................

**(b)** A flower that has either male of female reproductive parts is called ................

**(c)** Waste water released by houses is called................

**(d)** The safety device based on the heating effect of electric current is called a................

**(e)** The food synthesized by plants is stored as................

3. सत्य एवं असत्य कथन चिन्हित कीजिए— 2x5=10

(क) अत्यधिक व्यायाम करते समय व्यक्ति की श्वसन दर धीमी हो जाती है।(सत्य / असत्य)

(ख) दो शहरों के बीच की दूरियाँ किलोमीटर में मापी जाती है। (सत्य / असत्य)

(ग) दंत क्षय क्षार की उपस्थिति के कारण होता है। (सत्य / असत्य)

(घ) विद्युत चुम्बक, लोहे के टुकडे का आकर्षित नहीं करता। (सत्य / असत्य)

(ड़) जीभ लार को भोजन के साथ मिलाने में सहायता करती है। (सत्य / असत्य)

3. **Mark 'T' if the statement is true and 'F' if it is false-**

**(a)** During heavy exercise the breathing rate of a person slows down. (True/False)

**(b)** Distances between two cities are measured in kilometers. (True/False)

**(c)** Tooth decay is caused by the presence of a base. (True/False)

**(d)** An electromagnet does not attract a piece of iron. (True/False)

**(e)** The tongue helps in mixing food with saliva. (True/False)

4. सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए— 2x5=10

(क) अमरबेल उदाहरण है—

(अ) स्वपोषी का (ब) परजीवी का (स) मृतोपजीवी का (द) परपोषी का

(ख) बिम्ब से बड़े साइज का आभासी प्रतिबिम्ब बनाया जा सकता है–

(अ) अवतल लेंस द्वारा (ब) अवतल दर्पण द्वारा

(स) उत्तल दर्पण द्वारा (द) समतल दर्पण द्वारा

(ग) पादपों में जल का परिवहन होता है–

(अ) जाइलम के द्वारा (ब) फ्लोएम के द्वारा

(स) रन्ध्रों के द्वारा (द) मूलरोमों के द्वारा

(घ) तिलचट्टे के शरीर में वायु प्रवेश करती है, उनके–

(अ) फेफड़ों द्वारा (ब) क्लोमों द्वारा

(स) श्वास रन्ध्रों द्वारा (द) त्वचा द्वारा

(ङ) स्टेनलेस स्टील की कढ़ाही में प्रायः ताँबे की तली लगाई जाती है। इसका कारण हो सकता है–

(अ) तांबे की तली कढ़ाही को अधिक टिकाऊ बना देती है।

(ब) ऐसी कढ़ाही देखने में सुन्दर लगती है।

(स) स्टेनलेस इस्पात की अपेक्षा ताँबा ऊष्मा का अच्छा चालक है।

(द) स्टेनलेस इस्पात की अपेक्षा ताँबे को साफ करना अधिक आसान है।

4. **Choose the correct option and write down in your answer sheet.**

(i) **Cuscuta is an example of-** https://www.ukboardonline.com

(a) Autotroph (b) Parasite (c) Saprotroph (d) Host

(ii) **A virtual image larger than the object can be produced by a-**

(a) Concave lens (b) Concave mirror

(c) Convex mirror (d) Plane mirror

(iii) **In plants, water is transported through-**

(a) Xylem (b) Phloem (c) Stomata (d) Root hair

(iv) **In Cockroaches, air enters in the body through-**

(a) Lungs (b) Gills (c) Spiracles (d) Skin

(v) **Stainless steel pans are usually provided with copper bottoms. The reason for this could be that-**

(a) Copper bottom makes the pan more durable.



https://www.ukboardonline.com

(b) Such pans appear colourfull.

(c) Copper is a better conductor of heat than the stainless steel.

(d) Copper is easier to clean than the stainless steel.

5. स्वच्छता के संदर्भ में एक सक्रिय नागरिक के रूप में अपनी भूमिका को समझाइए। 4

5. Outline your role as an active citizen in realtion to sanitation.

4

6. उत्तल तथा अवतल लेंसों में कोई दो अन्तर लिखिए।

6. State any two differences between convex and a concave lens.

4

7. रसांकुर क्या हैं? वह कहाँ पाये जाते हैं एवं उनके क्या कार्य हैं ?

7. What is villi ? Where the location and what is the function of villi.

4

8. श्वसन क्या है ? समझाइए।

8. What is respiration ? Explain.

4

9. स्वः परागण और पर–परागण के बीच अन्तर बताइए।

9. Explain the difference between self pollination and cross-pollination.

5x4=20

10. **निम्न प्रश्नों के उत्तरी दीजिये–**

(क) पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को दर्शाते हुए एक स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए।

(ख) दो स्टेशनों के बीच की दूरी 240 km है। कोई रेलगाड़ी इस दूरी को तय करने में 4 घंटे लेती है। रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

(ग) जब नींबू के रस में खाने का सोड़ा मिलाया जाता है, तो बुलबुले बनते हैं और गैस निकलती है। यह किस प्रकार का परिवर्तन है? समझाइए।

(घ) ऊष्मा संचरण की तीन विधियाँ उदाहरण सहित समझाइए।

5x4=20

10. **Attempt all questions.**

(a) Draw a neat and well labelled diagram showing the process of photosynthesis.

(b) The distance between two stations is 240km. A train takes 4 hours to travels this distance. Calculate the speed of the train.

(c) When baking soda is mixed with lemon juice, bubbles are formed with the evaluation of a gas. What type of change is it? Explain.

(d) Define three methods of transfer of heat with suitable examples.

◆ ◆ ◆ ◆ ◆ ◆



https://www.ukboardonline.com